## जल गंगा संवर्धन अभियान का आगाज़, जनप्रतिनिधियों एवं छात्रों ने किया श्रमदान

# जलस्त्रोतों का अगर नहीं रखेंगे ख्याल तो आने वाली पीढ़ी के हाल होंगे बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नव वर्ष विक्रम संवत 2082 की शुरुआत पर 30 मार्च को बस स्टैंड स्थित आडिटोरियम में विक्रमोत्सव 2025 का भव्य आयोजन किया गया।कार्यक्रम अन्तर्गत भगवान सूर्य की उपासना की गई और विधि-विधान से ब्रह्मध्वज की स्थापना कर पूजा -अर्चना की गई।इसके बाद सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर आधारित नाट्य प्रस्तुतीकरण किया गया।

शासन के निर्देशों के अनुसार निकायों के विभिन्न जल स्त्रोतों नदी, तालाबों, कुओं, बावड़ी तथा अन्य जल स्त्रोतों को अविरल बनाये रखने हेतु इन संरचनाओं का संरक्षण एवं पुर्नजीवन किए जाने हेतु 30 मार्च से 30 जून 2025 तक नदियों, तालाबों एवं अन्य जल संरचनाओं के पुनर्जीवीकरण / संरक्षण हेतु विक्रमोत्सव 2025-जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ करते हुए जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए लोगों को प्रेरित करने बस स्टैंड ऑडिटोरियम से जल गंगा संवर्धन रैली निकाली गई।

रैली को विधायक संदीप प्रसाद जायसवाल और विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया,जो बस स्टैंड होते हुए कटनी शहर के मसुरहा घाट पहुंचीं।

इस मौके पर आयुक्त नीलेश दुबे ने सभी को अवगत कराते हुए बताया कि यहाँ पर आए हुए छात्र-छात्राओं द्वारा 4 माह से लगातार नदियों के संरक्षण हेतु हर रविवार श्रमदान,अलग अलग क्षेत्रों में जाकर जागरूकता जैसे कार्यक्रम किए जाते हैं,आज के कार्यक्रम में सभी का स्वागत है,इस बार इस अभियान के तहत हम सब मिलकर जनसहयोग से शहर के सभी जल संरचनाओ के संरक्षण हेतु कार्य करेंगे,हम पुराने कचरे की सफाई के कार्य के साथ साथ लोगों को कचरा न फेकनें एवं गंदा ना करने हेतु जागरूक करते हुए जन-जन को इस अभियान से जोड़ेंगे।

इस अवसर पर मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल ने संबोधन देते हुए कहा कि हम सब इस बात को जानते हैं कि पानी कितना महत्वपूर्ण है,और कितनी तेज़ी से पानी की कमी हो रही है,इसके लिए वर्षों से अनेक योजनाएँ बनती आयी हैं, उसी कड़ी में हमारे माननीय मुख्यमंत्री ने ये संकल्प लिया जो नगर निगम के माध्यम से एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भी यह अभियान आज 30 मार्च से प्रारंभ होकर 30 जून तक चलाया जायेगा,जिसके अंतर्गत जल संरक्षण हेतु विभिन्न प्रयास किए जाएँगे,नगर निगम द्वारा जल संरक्षण हेतु और भी बड़े कार्य किए जा रहे हैं,जिससे निश्चित ही जल संरक्षण में हम सभी को सफलता मिलेगी।

उद्बोधन के अगले क्रम में सीईओ जिला पंचायत शिशिर गेमावत ने कहा कि इस अभियान में हमारा पूरा फोकस रहेगा कि हम नई जल संरचनाएँ बनायें,पुरानी जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार करें एवं तालाब अन्य वॉटर बॉडी को जिनकी जल क्षमता कम हो गई है उनमें वृद्धि करें।अभियान का सबसे महत्वपूर्ण घटक समाज का जुड़ना है,सभी से अपील है कि अपने परिजनों,छात्रों के साथ इस अभियान में जुड़कर, श्रमदान, संसाधन किसी भी प्रकार से सहयोग करें।

श्रमदान के दौरान एसडीएम प्रदीप कुमार मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर विवेक गुप्ता,प्र कार्यपालन अधिकारी सुधीर मिश्रा,प्र सहा यंत्री आदेश जैन, सुनील सिंह,प्र.स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, उपयंत्री अश्वनी पांडेय, मृदुल श्रीवास्तव, ब्रांड एंबेसडर आशुतोष मानके सहित ओम साईं विजन, छात्र-छात्राओं की टीम एवं निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप



### सिलपरा नदी के स्टॉप डैम में किया श्रमदान

**उमरियापान।** जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सरकार के द्वारा 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ढीमरखेड़ा अंतर्गत उमरियापान शासकीय महाविद्यालय में संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्र छात्राओं ने पकरिया स्थित सिलपरा नदी में बने स्टॉप डैम में साफ सफाई किया। जिला समन्वयक डॉ. तेज सिंह केशवाल ने निर्देशन और विकासखंड समन्वयक बबीता शाह के मार्गदर्शन में परामर्शदाता और छात्र छात्राओं ने नदी में बिखरे कचरे को इकठ्ठा कर कचरे का निस्तारण किया। इस दौरान परामर्शदाता शैलेष दुबे, सुरेश दुबे, सुमित सिंह ठाकुर, सत्येंद्र सिंह, अनामिका मौर्य, सेक्टर प्रभारी अंकित झारिया, सीएमसीएलडीपी छात्र राखी दुबे,श्रुति गर्ग,माखन लोधी,आकाश विश्वकर्मा,शालिनी कोरी,विपाशा ठाकुर,कुमुद पटेल सहित अन्य ने श्रमदान किया।

### कचरा गाड़ी में अचानक लग गई आग



**कटनी।** गायत्री नगर क्षेत्र में नीरज टॉकीज के आगे बैलटघाट के पास खड़ी नगर निगम की कचरा गाड़ी में एकाएक आग लग गई। गनीमत यह रही कि जब आग लगी उस समय वाहन में कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था। गाड़ी के अगले हिस्से में आग की लपटे उठती देख सड़कों पर आवागमन थम गया। आग लगने की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया। आग लगने का कारण पता नहीं चल सका है।

### हिंदू नववर्ष पर मातृशक्ति ने निकाली वाहन रैली

**कटनी।** हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य पर रविवार को राष्ट्र सेविका समिति के तत्वावधान में मातृशक्ति वाहन रैली निकाली गयी। वाहन रैली में बड़ी संख्या मे महिलाओं की उपस्थिति रहीं। रैली सायं करीब 4 बजे से घंटाघर पर एकत्रीकरण होकर मंचीय कार्यक्रम के उपरांत प्रारंभ हुई जो कि शहर के घंटाघर, गर्ग चौराहा, कारगिल चौक, हाई फैशन, खोवा बाजार से होते हुए. सुभाष चौक, मोहन टाकीज रोड, फारेस्टर प्लेग्राउंड, गणेश चौक, स्टेशन रोड होते हुए कमानिया गेट वाले दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पर महा आरती के साथ समाप्त हुयी।

### आवास योजना के सर्वे आज तक जुड़वा सकते हैं नाम

**कटनी।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के द्वितीय चरण के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर जारी सर्वे में नाम जुड़वाने का कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने ग्रामीणों से आग्रह किया है। सर्वे के दौरान इसमें पात्र परिवारों के नाम 31 मार्च तक स्थाई प्रतीक्षा सूची में जोड़ने की कार्यवाही की जायेगी । योजना अंतर्गत केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने योजना को आगामी पांच वर्ष के लिये वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक के लिए मंजूरी दी है। इस संबंध में ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार ने आवास प्लस की सूची को अद्यतन करने के लिए आवास प्लस सर्वे 2024 प्रारंभ किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का सर्वे जिले में ग्राम पंचायत में नियुक्त किये गये सर्वेयर सचिव, ग्राम रोजगार सहायक द्वारा किया जा रहा है। सर्वे कार्य आवास प्लस एप-2024 से किया जा रहा है।इसमें हितग्राही स्वयं के मोबाइल से भी आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए मोबाइल एप्लीकेशन आवास प्लस ग्रामीण विकास मंत्रालय एनआईसी द्वारा निर्मित किया गया है।

## दैवीय शक्ति से रातों रात बनकर तैयार हुआ था बड़ी माई का मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान



उमरियापान स्थित बड़ी माई का मंदिर कल्चुरी राजाओं के शासन काल में दैवीय शक्ति से एक ही रात में बनकर तैयार हुआ था।सुबह होते ही लोगों को एक विशाल मंदिर बना मिला।मंदिर का निर्माण कब और कैसे हुआ इसे किसी ने नहीं देखा था।मंदिर में प्राचीनतम समय पुराने पत्थर और शिलालेख भी है।पूर्वजों और गांव के बुजुर्गों के बताये अनुसार दैवीय शक्ति से रातों रात बड़ी माई मंदिर बनकर तैयार हुआ है। पहले मंदिर के आसपास बहुत ही घनी झाड़ियां रही। जंगली जानवरों के रहते लोगों को मंदिर पहुँचने में बड़ी मशक्कत करनी पड़ती थी।कई दशकों बाद श्रद्धालुओं ने धीरे-धीरे मंदिर का भव्य निर्माण कराया।बड़ी माई का मंदिर शदियों से लोगों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। माता के दरबार में हाजिरी लगाने वाले भक्तों का पूरे सालभर आगमन लगा रहता है। नवरात्र के दिनों में तो भक्तों की संख्या कई गुना बढ़ जाती है।क्षेत्र के कल्याण, सुख शांति-समृद्धि के लिए मंदिर में यज्ञ व धार्मिक अनुष्ठान भी भक्त कराते हैं।माता रानी के मंदिर में (चैत्र और क्वार) दोनों फसली की नवरात्रि में जवारें बोये जाते हैं। नवरात्रि के 9 दिन पूरे होने पर गांव में धूमधाम से जवारों का विसर्जन होता है। क्षेत्र व आसपास के क्षेत्रीय लोगों द्वारा दंड भराई,अठमाई,कन्या भोजन सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान कर आस्था के साथ बड़ी माई की पूजा करते हैं। मान्यता है कि बड़ी माई मंदिर में जो भी भक्त सच्चे मन से मन्नत के साथ हाजरी लगाकर मन्नत मांगता है, मातारानी उनकी मनोकामना पूरी करती हैं।

उमरियापान स्थित बड़ी माई मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों और देवालयों में चैत्र नवरात्रि के पहले दिन रविवार को ही श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया। सुबह से मंदिर पहुँचे श्रद्धालुओं ने मातारानी का जल, पुष्प, प्रसाद अर्पण कर पूजन किया और सुख समृद्धि की कामना की। शाम को भी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने मातारानी का पूजन किया। मंदिर में महिला श्रद्धालुओं की संख्या अधिक रही। देरशाम गांव के मंदिरों और देवालयों में (कलश स्थापना) जवारें बोए गए।

*पूरी सतर्कता के साथ ड्यूटी करने एसपी ने दिये निर्देश*

## पर्व में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाएं रखने 300 पुलिस कर्मियों की तैनाती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



रविवार शाम पुलिस टीम को ब्रीफ करते हुए एसपी अभिजीत रंजन ने निर्देश दिए कि सभी पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी पूरी सतर्कता और अनुशासन के साथ निभाएं। ईदुल फितर और चैत्र नवरात्रि के मद्देनजर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

त्योहारों के दौरान सुरक्षा बनाए रखने के लिए जिले में 300 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। जिसमें शहर में 04 मोबाइल पार्टियां, बाइक पार्टियां और रिजर्व पार्टियां शामिल हैं। एसपी श्री रंजन ने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने पॉइंट पर सतर्क रहें और सभी गतिविधियों पर कड़ी नजर रखें।

### सोशल मीडिया पर रखें नजर

एसपी श्री रंजन ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने, फॉरवर्ड करने या लाइक करने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिसकर्मियों को भी ड्यूटी के दौरान मोबाइल फोन के अनावश्यक उपयोग से बचने की हिदायत दी। इस दौरान एएसपी संतोष डेहरिया ने भी पुलिसकर्मियों को दिशा-निर्देश दिए। ब्रीफिंग के दौरान सीएसपी श्रीमती ख्याति मिश्रा, रक्षित निरीक्षक संध्या राजपूत, एवं शहर के थाना/चौकी प्रभारी मौजूद रहे।

## चैत्र नवरात्र पर्व के पहले दिन मंदिरों में उमड़ी भीड़



चैत्र नवरात्र पर्व को लेकर भक्तिमय माहौल बन गया है। मंदिरों में मातारानी के दर्शनार्थ एवं जलार्पण करने भोर से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक में नवरात्र पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह बना हुआ है। मंदिरों में कलश स्थापित किये गए। शहर के प्रमुख आस्था के केन्द्र माँ जालपा देवी मंदिर और शहर देवी मंदिरों में साज सजावट कर माता का दरबार सजाया गया। जालपा देवी मंदिर में भक्तों को दर्शन और पूजा करने में कोई दिक्कत न हो, इसके लिए पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। देवी मंदिरों में प्रशासन की ओर से व्यवस्थाएं कराईं गई हैं।

## जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलौड़ी



कछार गांव बड़ा में जल संवर्धन अभियान की शुरुवात की गई । ढीमरखेड़ा जनपद सी ई ओ यजुवेंद्र कोरी ,सरपंच कैलाश चंद्र जैन ,जनपद पंचायत सदस्य गणेश दत्त गौतम,सरपंच खमरिया बागरी अनिल सिंह बागरी, लालपुर सरपंच मीना मोहन बागरी,सीमा भरत शुक्ला ,शैलेश जैन ,सहायक यंत्री अजय केशलानी,उपयंत्री ओम प्रकाश गुप्ता ,सचिव विकास खरे की उपस्थिति में कछार गांव बड़ा के तालाब को गहरीकरण का कार्य शुरु किया गया । सरपंच कैलाश चंद्र जैन ,मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने स्वयं श्रम दान कर अभियान का शुभारंभ किया। जिसमें लोगों को गर्मी में भी कृषि ,पशु पालन हेतु पर्याप्त पानी मिल सके । सीईओ यजुवेंद्र कोरी ने बताया मुख्यमंत्री के निर्देश पर पर जल संवर्धन अभियान की शुरुवात की है जिसमें तालाब ,जल स्त्रोतों की सफाई , गहरीकरण का कार्य किया जाएगा। इस दौरान पंच दीपक जैन ,पंच केशव बागरी,प्रभा बर्मन , रघुवीर बर्मन ,सुनीता कुम्हार , प्रमोद पाल विश्वनाथ बागरी ,संतोष मेहरा ,आजाद बागरी , अंजो बर्मन ,पिंकी ,अनिता ठाकुर ,संजू बागरी,देवेंद्र विश्वकर्मा ,हीरा विश्वकर्मा , अतीश कोरी ,सौरभ कोरी, राकेश ठाकुर,संगीता तिवारी ,रविदास कोरी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संगीता तिवारी ,रीना बागरी ,संतोष मेहरा आदि रहे ।

*30 मार्च से प्रारंभ होकर 30 जून तक चलेगा अभियान*

## तालाब बंड चला सफाई अभियान, पुरानी जल संरचनाओं के संरक्षण की ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जिले में रविवार से प्रारंभ हुए जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत बाकल में तालाब बंड विस्तार पावर हाउस के पास में ग्राम के जनप्रतिनिधि व आम जनमानस के जन सहयोग किया गया। इस दौरान शंकर जी के मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई व मंदिर के आसपास सफाई की गई। जल संरचना में जन सहयोग से कचरे को तालाब से बाहर निकाला गया लोगों ने श्रमदान करके तालाब की साफ सफाई की तथा झाड़ू लगाकर कचरे को एकत्रित कर तालाब से बाहर निकाला गया। इसके उपरांत जनपद पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार द्वारा उपस्थित जनप्रतिनिधियों व आम जनों को जल संरक्षण व संवर्धन किए जाने, पुरानी जल संरचनाओं के संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

विदित हो कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में एवं मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ 30 मार्च से किया गया है यह अभियान 30 मार्च से प्रारंभ होकर 30 जून तक निरंतर चलेगा, जिसमें विभिन्न विभागों की समेकित पहल से व जन समुदाय के सहयोग से श्रमदान से नवीन जल संरचनाओं का निर्माण, भूजल संवर्धन पहले से मौजूद जल संरचनाओं की साफ सफाई, जीणोद्धार मरम्मत ,जल स्त्रोतों में प्रदूषण के स्तर को कम करना जल वितरण संरचनाओं की साफ सफाई के कार्य प्राथमिकता से किए जाएंगे। इस अभियान में समाज और सरकार की साझेदारी से जलसंरचना का संरक्षण व संवर्धन जन आंदोलन के माध्यम से किया जाना है।

इस अवसर पर सीईओ अभिषेक कुमार, एपीओ मूलचंद सिंगरौरे, एई अरविंद पटेल ,इंजीनियर धीरेंद्र मिश्रा, मंडल अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष कमलेश सेन, सरपंच मनोज पटेल आदि उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों ने निकाली रैली, आयोजित हुई संगोष्ठी, किया जागरूक

## जलस्त्रोतों की सफाई कर नदियों में किया गया बोरी बंधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी





जन सहभागिता आधारित जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ 30 मार्च को हुआ। जिसकी शुरुआत खंड स्तर पर रविवार को ग्राम पंचायत घुघरा स्थित सुमित्रा बिहार के समीप नदी पर स्थित शिव मंदिर में जनपद पंचायत रीठी के कार्यकारी जनपद अध्यक्ष श्री प्रकाश चंद्र शाहू वा उनके सहयोगी जनपद सदस्यो व जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने जल अभिषेक कर जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत की। सभी की जन सहभागिता से बोरी -बंधान कर किया श्रम दान , जन अभियान परिषद के छात्र छात्राओं महेश बर्मन,गणपत कोल,नीमा श्री कोदू लाल हल्दकर ने नुक्कड़ नाटक कर जल संरक्षण की सीख दी और रैली निकाल कर किया जागरूक जल जीवन मिशन के नेशनल ट्रेनर गोवर्धन रजक के द्वारा जल जीवन का महत्व व जल बजट कैसे बनाकर अपने ग्राम की 3 माह की कार्य योजना जनप्रतिनिधियों से बनवाई गई सभी ने अपने विचार -विमर्श कर सुझाव दिए।

जनपद पंचायत रीठी के जनपद सद्स्य श्रीमती श्यामा बाई, श्रीमती मंजी बाई राजभर, भान सिंह सोलंकी, भरत पटेल रीठी, कमलेश कुमार पटेल, संतोष माझी, ग्राम पंचायत सरपंच रैपुरा, एवं जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि मंडल ने अपने-अपने ग्राम स्तर पर 3 महीने की कार्य योजना बनाकर इस मुहिम को चलाने के लिए संकल्प लिया।

### दतिला नदी के सलैया घाट की साफ -सफाई

विकासखंड बड़वारा के ग्राम बड़वारा खुर्द मे दतिला नदी के सलैया घाट मे जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नदी संरक्षण साफ -सफाई कार्य एवं बोरी-बंधान कार्य किया गया। इस कार्य में उपस्थित जनपद सदस्य विनय नागवंशी, नवांकुर संस्था अंचला ग्राम विकास समिति धनवारा से रघुवीर सिंह, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति महगवा (बरछैका), से हरभगत सिंह,, परामर्शदाता धनीराम कुशवाहा, कंछेदी कोरी, दुर्गा प्रसाद कुशवाहा, प्रियंका रजक प्रस्फुटन समिति बछरवारा से सभ्या चौधरी अंग्रेज सिंह सलैया खुर्द , कविता सिंह लोहखान, कमलेश पटेल और राजेश कुमार,अनुराधा सतनामी दामिनी केवट प्रिया यादव सीमा सिंह आदित्य यादव भारत ज्योति, बेबी अकंरे,नेहा चौधरी, भूपेंद्र यादव मुकेश कुमार कोल आदि ग्राम वासियों की उपस्थिति रही।



## धार्मिक, पर्यटन स्थल कुढ़िया धाम आश्रम का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

जिले के सुप्रसिद्ध धार्मिक पर्यटन तीर्थ स्थल कुढ़िया धाम आश्रम रोहनिया का बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह ने लोकार्पण किया। गौरतलब है कि करीब एक करोड़ की लागत से सौंद्रीकरण का लोकार्पण करते हुए विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह ने कहा कि कटनी जिले के साथ साथ कुढ़िया धाम आश्रम रोहनिया को एक ख़ास पहचान मिलेगी यह हमारी पुरानी धरोहर है। बडवारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह कुढ़िया धाम आश्रम रोहनिया का लोकार्पण करते हुए समिति की मांग पर आश्रम परिसर में यात्रियों के लिए कमरे निर्माण एवम परिसर में पेवर ब्लॉक लगाए जाने की मांग पर अपनी सहमति प्रदान की। इस दौरान स्वर्ग नगरी तीर्थ धाम विलायत कला से वीरेंद्र त्यागी जी महाराज एवम समिति के सभी सदस्यों सहित पंच सरपंच सहित ग्रामीण जनों एवम गणमान्य जनों की मौजूदगी रही।

## खबर संक्षेप

### जन्म जयंती की तैयारियों की लेकर हुई बैठक

**दमोह।** पुरानी नगर पालिका देवी के मंदिर प्रांगण में राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिवा फुले एवं बाबा साहिब डॉ.भीमराव अंबेडकर जन्म जयंती एक साथ मनाये जाने हेतु बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समाज के मणमान्य नागारिको द्वारा अपने अपने सुझाव प्रस्तुत किये सभी ने तन मन धन से सहयोग करने की बात कही एवं जयंती को भव्य रूपय से मनाये जाने हेतु अपनी सहमति प्रदान की गई। कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री हेतराम आदर्श द्वारा सभी से सहयोग एवं कार्यक्रम को सफल बनाये जाने हेतु बात कहीं। बैठक की अध्यक्षता हिम्मत प्रसाद अहिरवाल ने की। प्रताप रोहित ने जयंती को शांति से मनाये जाने हेतु सुझाव दिये। बैठक में डॉ.मोहन आदर्श, अशोक भारती, सुरेश चन्द्र भावे, श्याम रोहित, टीआर जाटव, धनीराम भण्डारी, रिंकू चौधरी, मुन्नीलाल, बीएल रोहित, मदन सुमन, पीएल भारती, रामसेवक, फागूलाल, भूपसींग, अजय बौद्ध, भारत जाटव, हरिशचन्द्र, प्रीतम, रेवाराम, अजय जाटव, हरिराम, रामदयाल, एमएल अहिरवाल आदि की मुख्य रूप से उपस्थिति रहीं।

### जल संरचनाओं एवं अमृत सरोवर कार्यों को राजस्व अभिलेख में दर्ज करने के निर्देश

**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार तीन माह तक संचालित होने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान में मनरेगा योजना अंतर्गत जिले में पूर्व में निर्मित किए गए सभी अमृत सरोवर कार्यों तथा जल संरचनाओं को राजस्व अभिलेख में दर्ज किया जाएगा। साथ ही जल संरचनाओं के अतिक्रमण को चिन्हित करने एवं अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही भी की जाएगी। इस संबंध में उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विभाग सहित समस्त जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नगरीय निकायों के सीएमओ को संबंधित जल संरचनाओं की सूची अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया है।

शक्ति की भक्ति में लीन हुए श्रद्धालु, दिनभर चला पूजन का क्रम, अखंड ज्योत स्थापना के साथ बोए गए जवारे

# देवी माँ को जल अर्पित करने पहुंचे श्रद्धालुजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेड़ा



चैत्र नवरात्र के पहले दिन मंदिरों में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा श्रद्धालुओं ने माता रानी के चरणों में शीष झुकाकर सुख समृद्धि की कामना की सुबह चार बजे से ही मंदिरों में जयकारे गूंजते रहे दिनभर देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा वहीं घरों में भी लोगों ने अखंड कलश स्थापना के साथ जवारे बोए गए रविवार से चैत्र नवरात्र के व्रत प्रारंभ होते ही श्रद्धालु भक्तजनों का ताता नगर के देवी मंदिरों सुबह 4 बजे से जल अर्पण करने के लिए पहुचने लगा है महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग सभी लोग माता के जयकारे लगाते तहसील स्थित बड़ी खेरमाता पुरानी खेरमाता, मां शारदा मंदिर पंचवटी मंदिर होते हुए नगर के महाकाली मंदिर पहुच रहे है जहां देवी माँ को जल अर्पण करने के पश्चात उनकी आराधना में लीन है नगर का वातावरण नवरात्रि के चलते धर्ममय हो चुका है नवरात्र के प्रारंभ होते ही नगर परिषद द्वारा मुख्य मार्गों की साफ सफाई के साथ विद्युत व्यवस्था चाक-चौबंद करा रही है नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है. इस संबंध पंडित गोपाल शास्त्री ने बताया कि रविवार नवरात्रि की प्रतिपदा तिथि थी। इस दिन कलश स्थापना की जाती है। नौ दिनों तक मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की उपासना की जाती है। मां दुर्गा की पूजा करने से साधक ही हर मनोकामना पूरी होती है। इसके साथ ही घर में सुख एवं समृद्धि आती है नवरात्रि में जगत की देवी मां दुर्गा की पूजा करने से साधक को अक्षय फल की प्राप्ति होगी। नवरात्रि के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की आराधना होती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार मां शैलपुत्री हिमालयराज की पुत्री हैं। नवरात्रि के प्रथम दिन कलश स्थापना का मुहूर्त, मां शैलपुत्री की पूजा विधि, आरती भोग और मंत्र सब कुछ किया गया।

# पीएम आवास प्लस टू सर्वे से वंचित मजदूर



हरिभूमि न्यूज ⏭ झलौन

जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत झलौन मैं आम नागरिकों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम की वर्षा पति अशोक जोगी के यहां पर पंचायत की टीम सर्वे करने सोमवार 24 मार्च को आए थे चूंकि परिवार रोज कमा कर खाने वाले गरीब लोग है। गांव गांव में चूड़ी,बिंदी बेचने कार्य किया जाता है। वर्षा अपने काम पर गई थी। सर्वे टीम के द्वारा बोला गया अगले दिन फिर से आयेंगे। वर्षा को काम पर नहीं जाने देना। आज सुबह तक छह दिन बीत गए। सर्वे टीम नहीं आई गरीब लोगों का नुकसान भी हुआ। ओर आवास के लिए सर्वे भी नहीं हुआ। इसी प्रकार सविता पति हल्ले जोगी की भी इसी प्रकार की स्थिति है येसे कई परिवारों की यह स्थिति बनी हुई। सरकार द्वारा इस प्रकार की योजनाएं गरीबों के कल्याण के लिए चलाईं जा रही है जिससे उन्हें सुविधा प्रदान हो सके इसलिए चलाई जाती है लेकिन पंचायत कर्मियों के द्वारा अनीयताओं के माध्यम से गरीब मजदूरों को शोषण का शिकार होना पड़ता है जो कि पंचायत सरपंच एवं सचिवों उदासीनता साफ़ जाहिर होती हुई। अधिकारियों द्वारा इन लापरवाहियों पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। ग्रामवासियों द्वारा बताया गया कि सचिव समय से कभी आते ही नहीं ओर आते भी हैं तो सप्ताह में एक या दो दिन के लिए जिसमें एक या दो घंटे के लिये लोगों के जरूरी काम होने पर कभी फोन रिसीव ही नहीं किया जाता ग्राम वासियों एवं ग्रामवासियों के द्वारा चुने गए पंचों के भी फोन भी नहीं उठाते है गौरतलब बात तो यह है कि ग्राम पंचायत में सचिव महोदय की मनमानी चल रही है । जिम्मेदार अधिकारी बेख़बर बनकर अपने दफ्तरो में कूलर ए सी की हवा का आनंद ले रहे है।

# बड़ी खेरमाई मंदिर में श्रीमद् देवी भागवत कथा के दूसरे दिन उमड़ी भक्तों की भीड़

**कथा न केवल भक्ति का मार्ग प्रशस्त करती है, बल्कि जीवन में सत्य, धैर्य और समर्पण का महत्व भी सिखाती है- रामनयन महाराज**





हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेड़ा

नगर के गौरैया नदी के तट पर स्थित बड़ी खेरमाई मंदिर में चल रही श्रीमद् देवी भागवत कथा के आयोजन ने दूसरे दिन आचार्य पंडित गोपाल शास्त्री ने यजमानों के द्वारा देवताओं का आवाहन किया गया इसके पश्चात आवाहित देवी देवताओं का पूजन पाठ अभिषेक किया गया साथ ही ग्रामाचार्य देवकरण तिवारी, रोहित पाठक और शिवकुमार पांडेय के द्वारा मंत्रोचारण किया गया। दोपहर तीन बजे से श्रीमद् देवी भागवत कथा में बृंदावन से पधारे राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता रामनयन महाराज ने मां दुर्गा की महिमा और उनके विविध रूपों से जुड़े प्रसंगों को बड़े ही रोचक और भावनात्मक रूप से कथा का बाचन किया। कथा में देवी भागवत पुराण के उन अध्यायों पर प्रकाश डाला गया, जो नारी शक्ति, धर्म और अध्यात्म की गहराई को उजागर करते हैं। कथावाचक ने श्रद्धालुओं को बताया कि यह कथा न केवल भक्ति का मार्ग प्रशस्त करती है, बल्कि जीवन में सत्य, धैर्य और समर्पण का महत्व भी सिखाती है।

कथा के दौरान मां खेरमाई के चमत्कारों और उनकी कृपा से जुड़ी स्थानीय लोक कथाओं का भी जिक्र हुआ, कथावाचन के बीच-बीच में भक्ति भजनों की प्रस्तुति ने माहौल को और भी आध्यात्मिक बना दिया। "जय माता दी" और "खेरमाई माता की जय" के उद्घोष से पूरा मंदिर परिसर का पंडाल गूंजायमान रहा।

दूसरे दिन कथा सुनने के लिए न केवल तेंदूखेड़ा बल्कि आसपास के गांवों और क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे वैसे तो नवरात्रि में सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों का तांता लगा रहता है मगर इस वर्ष कथा के इस आयोजन से अधिक संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं दोपहर में महिलाएं, पुरुष और बच्चे कथा के आयोजन का हिस्सा बने। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि कथा श्रोताओं और श्रद्धालुओं सभी को सुविधा प्रदान करने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। मंदिर परिसर में बैठने की व्यवस्था के साथ-साथ पेयजल और छाया के लिए विशेष पंडाल टेंट की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा, सुरक्षा के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन का सहयोग भी लिया जा रहा है, ताकि किसी भी तरह की असुविधा न हो।

कथा में शामिल होने आए श्रद्धालुओं ने अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन उनके लिए एक आध्यात्मिक अनुभव है। तेंदूखेड़ा की रहने वाली दीपाली ने कहा, "मां खेरमाई की कृपा से नगर वासियों का जीवन धन्य है। इस कथा को सुनने से मन को शांति मिलती है और जीवन की परेशानियां दूर होती हैं।" वहीं, पास के गांव से आए एक श्रद्धालु ने कहा नवरात्रि के पावन पर्व और भारतीय नव वर्ष पर यह आयोजन हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है यह कथा हमें मां की महिमा और धर्म के मार्ग को समझाती है।"

बड़ी खेरमाई मंदिर तेंदूखेड़ा का एक प्रमुख धार्मिक स्थल है, जो मां दुर्गा के रूप खेरमाई को समर्पित है। यह मंदिर अपनी प्राचीनता और चमत्कारों के लिए प्रसिद्ध है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, मां खेरमाई भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण करती हैं। हर साल यहां क्वांर और चैत्र की नवरात्रि में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शनों के लिए पहुंचते हैं और नौ दिन का व्रत रख कर अपनी मनोकामनाएं भगवती को प्रेषित करते हैं जिससे उनकी मनोकामनाएं भी फलीभूत होती हैं।आयोजन समिति के राजू नामदेव, चंद्रशेखर हजारी, राजेश शर्मा, गोपाल सिंह ठाकुर, संतोष सिंह ठाकुर, कमलेश शर्मा, जितेन्द्र नामदेव, राकेश शर्मा सहित सभी सदस्य प्रतिदिन अपनी सेवाएँ दे रहे है कार्यक्रम में वर्णित यजमान भूपत यादव पंचायत सचिव, शोभाराम नामदेव, सुधीर पटेरिया, उदयराम राय, बाला साहू, सुदामा साहू, हल्ले भाई यादव, बती बाई लोधी, अयोध्या बाई, कुसुम रानी साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# कृषक प्रशिक्षण का हुआ आयोजन



**हटा।** शासन के निर्देशानुसार उद्यानिकी विभाग द्वारा राज्य योजना अंतर्गत एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण एवं भ्रमण का आयोजन बटियागढ़ तहसील के ग्राम बरोदा कलां में आयोजित किया गया जिसमें विभाग के अधिकारियों द्वारा कृषकों को विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई एवं नई तकनीक से उद्यानिकी खेती करने हेतु प्रोत्साहित किया गया साथ ही उचित भ्रमण कर ड्रिप मल्चिंग से खेती का अवलोकन कराया गया उद्यानिकी विभाग में पदस्थ वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी प्रभारी देवेंद्र कुर्मी द्वारा विभाग की विभिन्न योजनाओं से किसानों को रूबरू करवाया गया जिला रिसोर्स पर्सन के पद पर नियुक्त जितेंद्र प्रजापति द्वारा प्रधानमंत्री सूचना खाद्यान्न योजना अंतर्गत आवेदन एवं अनुदान लेने की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई उद्यान विभाग के प्रभारी अधिकारी अजय द्विवेदी विकासखंड हटा के द्वारा उद्यान की तकनीक पर किसानों को विभिन्न जानकारियां प्रदान की गई।

# संघ ने निकला पथ संचलन, लोगों ने की पुष्प वर्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

## समाज परिवर्तन से होगा राष्ट्र निर्माण



**हटा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड हटा का शारीरिक प्रधान कार्यक्रम एवं पथ संचलन चैत्र नवरात्र की शुक्ल प्रतिपदा भारतीय नव वर्ष के उत्सव पर नगर में पथ संचलन निकालकर किया गया जिसका शुभारंभ महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर से नगर के मुख्य मार्गो से निकाला गया जहां नगर में जनप्रतिनिधियों सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा का राष्ट्रीय स्वयं सेवकों का भव्य स्वागत किया। पथ संचलन के पूर्व विद्यालय प्रांगण में सभी स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण हुआ जहां कार्यक्रम में शारीरिक प्रधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में श्रीमान अशोक जी दुबे सागर विभाग कार्यवाह, खंड संघचालक श्रीमान दयाराम जी एवं मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमान डॉ महेश जी नेमा मंच पर उपस्थित रहे। एवं हटा खंड के सभी 23 मंडल एवं पांच बस्तियों के स्वयंसेवक बंधु उपस्थित रहे। साथ ही साधु संत महात्मा पत्रकार बंधु एवं राष्ट्र सेविका समिति से मातृशक्ति और हटा नगर की मातृशक्ति एवं संघ के आनुषंगिक संगठन के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। शारीरिक प्रधान कार्यक्रम के दौरान गण समता, दंड प्रयोग, नियुद्ध, पद विन्यास, योग,आसन एवं सामूहिक गीत का प्रदर्शन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में श्रीमान अशोक जी दुबे ने सभी स्वयंसेवकों को एवं समाज को संबोधित किया, उन्होंने कहा कि आज हटा खंड का शारीरिक प्रधान कार्यक्रम एवं पथ संचलन आयोजित हुआ है। जैसा कि हम सबको पता है कि हम संघ के शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर चुके हैं डॉक्टर साहब भागीरथ के रूप में गंगा रूपी संघ को हमारे बीच लेकर आए। बहुत सारे लोग प्रश्न करते हैं कि संघ का क्या योगदान है। सब को इतिहास पढ़ना चाहिए और अभिनव पद्धति का ध्यान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि संघ क्या करना चाहता है। इसका एक वाक्य में उत्तर है कि संघ केवल हिंदू समाज का संगठन करना चाहता है। आज जो कार्यक्रम हुआ उसका एक ही केंद्र है संघ की शाखा ,शाखा के माध्यम से कार्यकर्ता का निर्माण होता है। संघ से प्रशिक्षित कार्यकर्ता अपने जीवन में हर जगह कार्य करेगा ।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व्यक्ति निर्माण का कार्य करता है। समाज संघ के कार्यक्रम को लेकर संतुष्ट हो जाता है जो भी करेगा संघ करेगा। लेकिन संघ को भी समाज से अपेक्षा है कि आप भी समाज कल्याण में सहभागी बने संघ हिंदुत्व को लेकर कार्य करता है। शताब्दी वर्ष में हम सभी स्वयंसेवक संघ की शाखाओं को बढ़ाएंगे और समाज परिवर्तन का कार्य करेंगे परिवार समाज हमारे सभी लोग इस समाज कार्य में लगे तभी भारत को परम वैभव के शिखर पर पहुंचा सकते हैं ।साथ ही उन्होंने पांच परिवर्तन पर विशेष जोर दिया जिसमें सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण,नागरिक कर्तव्य और स्वदेशी ऐसे पांच परिवर्तन पर उन्होंने विशेष आग्रह किया कि समाज इसमें बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले। राष्ट्रीय स्वयंसेवकों के पथ संचलन का कार्यक्रम एमएलबी विद्यालय से प्रारंभ होकर मंदिर-मस्जिद चौराहा, राय चौराहा से नायक तिगड्डा होते हुए पेट्रोल पंप के रास्ते से खचना नाका से पुनः विद्यालय प्रांगण में पहुंचा जहां कार्यक्रम का समापन किया गया।

# मांटेना शक्ति धाम में उमड़ रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ बनवार



दमोह जिले के रोड़ ग्राम में स्थित माटेना शक्ति धाम एक प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है, जहां दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं और मां के दर्शन करते हैं। यह मंदिर अपनी महिमा और शक्ति के लिए प्रसिद्ध है, और यहां पर मां के दर्शन से भक्तों की सारी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

### माटेना शक्ति धाम का इतिहास

माटेना शक्ति धाम का इतिहास बहुत पुराना है। यह मंदिर रोड़ ग्राम से महज दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। पहले माता पठारी क्षेत्र में एक पेड़ के नीचे बैठी थी, लेकिन मां की शक्ति और लोगों की आस्था को देखते हुए यहां पर भव्य मंदिर निर्माण धर्मशाला का निर्माण जन सहयोग से किया गया। वही रोड़ ग्राम बीते वर्षों में मांटेना शक्ति धाम के नाम से प्रवेश द्वार का निर्माण करवाने वाले हिनौती आजम के भक्ति रोहित गौर के द्वारा इस चैत्र नवरात्रि की घट स्थापना के दिन मां के दरबार में शेरों की प्रतिमा स्थापना करवाई गई है। भक्तों द्वारा निरंतर मां के दरबार को भव्यता प्रदान करने के लिए इच्छा और समर्थ अनुसार कार्य किए जा रहे है जिससे चौबीस क्षेत्र की खेर माता का द्वार और मंदिर क्षेत्र की प्रमुख आस्था का केंद्र वर्षों से बना हुआ है। नवरात्रि के दौरान माटेना शक्ति धाम में विशेष आयोजन किए जाते हैं। इस दौरान यहां पर पूरे क्षेत्र के घट जवारे रखे जाते हैं, और श्रद्धालु मां के दर्शन करते हैं। पंचमी और नवमी के दिन यहां पर जिले भर से श्रद्धालु आते हैं और मां की भक्ति में समर्पित होकर दिनभर पूजन पाठ भंडारे कन्या भोज का आयोजन चलता रहता है।

# भगवा ध्वज बांधकर मनाया हिंदू नव वर्ष



**जबेरा।** प्रति वर्ष की परंपरा अनुसार सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल जबेरा विद्या भारती द्वारा संचालित संस्था जिसमें प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार प्रजापति के मार्गदर्शन में विद्यालय के समस्त आचार्य परिवार ने एक साथ मिलकर ग्राम जबेरा के मुख्य सड़क मार्ग पर प्रत्येक दुकानों व ग्राम के घरों में भगवा ध्वज बंधन किया और सभी को हिंदू नव वर्ष एवं चैत्र प्रतिपदा की शुभकामनाएं दी। विद्यालय माधव शिक्षा समिति व्यवस्थापक रवि शंकर बाजपेई ने कहा कि नव वर्ष ढेर सारे सकारात्मक विचारों और आशाओं वाला एक और वर्ष है। शुभ विक्रम संवत 2082,नया साल नई खुशियां लेकर आता है। पुराने को अलविदा कहें और हिंदू नववर्ष की सकारात्मक शुरुआत करें, पिछले वर्ष से मिले सबक पर फिर से विचार करें और नव वर्ष में उन गलतियों से बचने का संकल्प लें। आइए, हिंदू नव वर्ष को नए कपड़ों, मीठे व्यंजनों और अपने बड़ों के आशीर्वाद के साथ मनाएं. विक्रम संवत की हार्दिक बधाई। आने वाले वर्ष में प्रचुर नए अवसरों और रोमांचक अनुभवों की कामना करता हूं। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य अरुण कुमार श्रीवास्तव वरिष्ठ आचार्य प्रभुदयाल विश्वकर्मा आचार्य चक्रेश ठाकुर विमल नामदेव दयाराम रैकवार देशराज ठाकुर नीलेश साहू वेद प्रकाश नामदेव गोविंद पटेल रुद्र ठाकुर,दीदी विमला शर्मा अनुराधा पटेल निधि विश्वकर्मा कामिनी तिवारी रूबी साहू काजल नामदेव, नेपाल ठाकुर और गोविंद घोसी की उपस्थिति रही।

# भगवा ध्वज लेकर बाइक रैली निकाली



**तेंदूखेड़ा।** रविवार को चैत्र नवरात्र पर्व के साथ ही हिंदू नववर्ष का भी शुभारंभ माना जाता है इसी के चलते रविवार सुबह 11 बजे नगर में समस्त युवाओं एवं सभी धर्म प्रेमियों के सहयोग व हिंदू संगठनों से जुड़े युवाओं द्वारा भव्य बाइक रैली निकाली गई। इस दौरान पूरा नगर राममय हो गया शहर के सभी प्रमुख मार्गों से निकाली गई बाइक रैली में शामिल युवाओं ने भगवा ध्वज लेकर जय श्री राम के जयकारे लगाते लोगों को हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं दी। बाइक रैली में बड़ी संख्या में युवा शामिल थे बाइक रैली में सभी बाइकों पर रामलाल सरकार के भगवा रंग के झंडे लगे हुए थे हिंदू नववर्ष को लेकर युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। डीजे की धुन पर बाइकों में झूमते हुए नजर आए। इस बाइक रैली में सैकड़ों की संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। इस बाइक रैली का उद्देश्य हिंदू धार्मिक लोगों को रामनवमी की शोभायात्रा में शामिल होने का आमंत्रण दिया जाता है।

**नयी दुकान न खोलने जनता ने की मांग**

# बस स्टैंड पर शराब दुकान होने से लोग होते है परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेजगढ



जबेरा विधानसभा क्षेत्र की नगरी तेजगढ़ और बस स्टैंड पूरे क्षेत्र का एक ऐसा केंद्र है जहां से आए दिन बड़ी संख्या में यात्रियों का दमोह अभाना जबलपुर झलौन के लिए आना-जाना बना रहता है। बस स्टैंड के पास शराब दुकान खुली है जिससे शराब पीकर व्यक्ति बस स्टैंड पर अनेकों प्रकार के गलत वातावरण निर्मित करते है, गाली गलौज इत्यादि करते रहते है। गंदे वातावरण सुनकर यात्री दुकानदार परेशान है। बस स्टैंड से शराब दुकान हटवाने के लिए तेजगढ़ ग्राम वासियों से लेकर अनेकों जगह के जन- प्रतिनिधियों ने शासन प्रशासन से अनेको बर्षो से मांग की परंतु अभी तक शराब दुकान नहीं हटी। सरकार नियम तो बनाती है परंतु संबंधित अधिकारी कानून का उल्लंघन कर पालन नहीं करते। तेजगढ़ शराब दुकान बस स्टैंड और शिव श्री शंकर जी भगवान के चबूतरे से 70 कदम दूर मेंन रोड के किनारे पर खुली है जिससे रोड पर हमेशा शराब पीने वालों का और शराब खरीदने बालों की मोटरसाइकिलो का जमावडा मेंन रोड पर बना रहता है। रोड से गुजरने वाले वाहन चालकों को एक्सीडेंट होने का खतरा बना रहता है। पैदल निकलने वाले व्यक्ति भी परेशान है। कुछ व्यक्तियों ने कहा इसी प्रकार का रवैया चलता रहा और रोड किनारे शराब दुकान खुली है तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। सूत्रों के अनुसार वताया गया कि शराब दुकान तो अन्य स्थान पर खुल रही है। लेकिन वह भी रोड किनारे पर खुलने के संकेत है जिससे वाहन चालकों को खतरा बना रहेगा। तेजगढ़ ग्राम वासियों से लेकर अनेकों जगह के व्यक्तियों ने मांग की है कि तेजगढ़ बस स्टैंड के पास और रोड के किनारे नयी शराब दुकान ना खोली जाए। बस्ती से लगभग 1 किलोमीटर दूर खुलवाने की मांग पत्राचार के माध्यम से प्रशासन के संबंधित अधिकारियों से जनता ओर जनप्रतिनिधिओ ने की है।



# 500 वर्ष से अधिक प्राचीन बावड़ी में की साफ सफाई

**तेंदूखेड़ा।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत क्षेत्र ही नहीं अपितु समूचे प्रदेश की प्राचीन धरोहर एवं जल संरचनाओं को सहेजन, सवारने एवं जीणोद्धार करने का कार्य किया जा रहा है इसी अवसर पर ग्राम तेजगढ़ में राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के भाई नितेंद्र सिंह लोधी ने पहुंचकर 500 पुरानी प्राचीन बावडी की सफाई में अपना सहयोग दिया। इस अवसर पर हरिसिंह, बट्टू यादव जनपद सदस्य, पूर्व मंडल अध्यक्ष भारत सिंह, देवेंद्र सिंह मालगुजार, वेडी सिंह सदर, तेजगढ़ मंडल अध्यक्ष संग्राम सिंह, डॉ अनूप सिंह, जाहर सिंह सरपंच, भोजराज जैन सरपंच, विनजय जैन सरपंच प्रतिनिधी तेजगढ़, राजकुमार सिंह सरपंच कुलुवां, अखलेश सिंह, हेमेंद्र सिंह, राजीव बड़ेराय, गोलू सोनी, मनीष बागरी सीईओ, जन अभियान परिषद नवांकुर संस्था हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और श्रमदान कर ग्राम वासियों को प्रेरित किया। संस्था के अध्यक्ष कमलेश साहू, सचिव पवन यादव, दुर्गेश दुबे, लक्ष्मण सिंह लोधी समस्त भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।

